>

Title: Request for intervention of centre regarding increasing cyber crimes and rapes cases in Rajasthan.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): अध्यक्ष महोदय, आपने शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, धन्यवाद । मैं आपका ध्यान देश में बढ़ रहे साइबर अपराध विशेषकर एटीएम और इंटरनेट बैंकिंग की ओर दिलाना चाहता हूं । इस नये जमाने के अपराध ने देश में पुलिस की चुनौती को और बढ़ा दिया है । मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर में पिछले दो दिनों से साइबर अपराधियों ने कई लोगों के खातों से लाखों रुपये निकाल लिए । अभी परसों 29 तारीख को एक अस्सी वर्षीय पेंशनर के खाते से 26,000 रुपये निकाल लिए । जब वह बैंक गया तो बैंक वालों ने उसे मना कर वापस भेज दिया । जयपुर में पिछले समय लगभग 36 करोड़ रुपये साइबर क्राइम के माध्यम से निकाले गए हैं ।

मैं आपका ध्यान इस ओर भी आकृष्ट कराना चाहता हूं कि पिछले कई दिनों से राजस्थान में बलात्कार के केस बढ़ रहे हैं ।

14.00 hrs

जयपुर में सात वर्षीय बालिका के साथ जिस तरह से रेप किया गया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि इस पर केंद्र सरकार द्वारा इंटरफेरेंस करके राज्य की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था को ठीक किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष: कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री राहुल कासवान और श्री मनोज राजोरिया को श्री रामचरण बोहरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।